Half-Yearly exam 2022
B.com - II^nd year
Group - I Paper - I^st
Sub- Corporate Accounting
Time: Three Hours
Maximum Marks: 75

नोट- प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न हल कीजिए। सभी प्रश्नो के अंक समान है।

(15)

## Unit-1

प्रश्न-1 अल्फा कम्पनी लिमिटेड ने 10 Rs प्रत्येक की दर से 10,000 समता अंशो को देय राशियो पर 3 रु आवेदन पर, 2 रु आबंटन पर और शेष दो समान किस्तो पर निर्गमित किया। आबंटन की राशि 1 मार्च, 2013 को या पूर्व, प्रथम याचना की राशि 30 जून 2013 को या पूर्व और अंतिम याचना की राशि 31 अगस्त, 2013 को या पूर्व देय थी। मि. A, जिसे 600 अंशो का आबंटन किया गया था, ने आबंटित अंशो के शेष अंकित मूल्य का पूरा भुगतान कर दिया। 31 अगस्त, 2013 को A को ब्याज का भुगतान कर दिया गया। कम्पनी की बहियों में रोजनामचा प्रविष्टि-यां कीजिए और आर्थिक चिठ्ठा भी बनाइए।

अथवा

प्रश्न- रिप्पन केमिकल लिमिटेड ने 10 रु प्रति अंश वाले 40,000 अंश निर्गमित किए जो निम्नलिखित प्रकार देय थे:

3 रु - आवेदन पर
3.50 रु - आबंटन पर
... और अंतिम याचना पर

सभी अंश क्रय कर लिए गए थे और सभी राशियां यथावत प्राप्त हो गई थी। अंशधारी तुलसी अम्बानी, जिसके पास 4000 अंश थे, आबंटन के साथ प्रथम और अंतिम याचना की राशि को दे दिया। आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियां कीजिए।

Unit-II (15)

प्रश्न-2. ईस्टर्न कम्पनी लिमिटेड ने 10 रु. की राशि के 40,000 समता अंश जनता को अंश पूंजी के लिए निर्गमित किए जिन पर देय राशिया आवेदन पर 4 रु, आबंटन पर 3 रु और शेष प्रथम तथा अंतिम मांग पर है। 40,000 अंशो के लिए आवेदन प्राप्त किए गए थे। कम्पनी ने आवेदकों को समस्त आबंटन कर दिया। आबंटन तथा प्रथम और अंतिम मांग पर देय राशि को प्राप्त कर लिया गया था।

ईस्टर्न कम्पनी लिमिटेड की पुस्तकों में रोजनामचा प्रविष्टियां कीजिए:

(i) जब रोकड़ लेनदेनों का रोकड़ पुस्तक में सीधा लेखा नहीं किया जाता है।

(ii) जब रोकड़ लेनदेनों का रोकड़ पुस्तक में सीधा लेखा किया जाता है।

अथवा

प्रश्न - कपीस कम्पनी लिमिटेड ने 10 रु वाले 50,000 समता अंशो का निर्गमन किया जिन पर निम्न प्रकार राशि देय थी: आवेदन पर 2 रु प्रति अंश, आबंटन पर 3 रु प्रति अंश, प्रथम याचना पर 2 रु प्रति अंश तथा द्वितीय एवं अंतिम याचना पर 3 रु प्रति अंश। 37,500 अंशो के लिए आवेदन-पत्र प्राप्त हुए। उपर्युक्त व्यवहारों ... याचना समय प्राप्त हो गई। ... लिखिए बनाइए।

प्रश्न 3. निम्न दायित्वों के साथ A. B लि. का अनिवार्य समापन हुआ : (अ) रक्षित लेनदार 20,000 रू. (25000 रू. प्रतिभूतियों से प्राप्त हुए) (ब) पूर्वाधिकार लेनदार 6000 रू.। (स) अरक्षित लेनदार 30,500 रू.। निस्तारण के 252 रू. व्यय हुए।

निस्तारक वसूल हुई धनराशि का 3% तथा अरक्षित लेनदारों को वितरित की गयी राशि का $1\frac{1}{2}$%. पारिश्रमिक प्राप्त करने का अधिकारी है। विभिन्न सम्पत्तियों से 26000 रू. वसूल हुए जिनमें ऐसी संपत्तियां सम्मिलित नहीं हैं जो पूर्ण रक्षित लेनदारों के पास हैं।

निस्तारक का अंतिम विवरण खाता बनाइए।

निस्तारक अपने पारिश्रमिक को बेची गई कुल संपत्तियों से प्राप्त धन पर लेने का अधिकारी है जिनमे वे प्रतिभूतियां भी सम्मिलित हैं जो पूर्ण रक्षित लेनदारों के पास हैं।

अथवा

प्रश्न - एक कंपनी का निम्नांकित विवरण है जिसका ऐच्छिक समापन हुआ। निस्तारक का विवरण खाता बनाइए। उसका पारिश्रमिक वसूल की हुई राशि पर 2% है और अरक्षित लेनदारों (पूर्वाधिकार लेनदारों को छोड़कर) बांटी जाने वाली राशि पर 2% है :

| | | |
|---|---|---|
| पूर्वाधिकार लेनदार | — | 10,000 |
| अरक्षित लेनदार | — | 32,000 |
| ऋणपत्र | — | 10,000 |

संपत्तियों पर निम्नांकित राशियां वसूल हुई :

| | | |
|---|---|---|
| भूमि एवं भवन | — | 20,000 |
| प्लाण्ट एवं मशीनरी | — | 18650 |
| फिक्सचर्स एवं फिटिंग्स | — | 1000 |

समापन व्यय 1000 रु. हुए

प्रश्न 4. एक कंपनी का ऐच्छिक समापन हुआ। इसकी संपत्तियों से 350,000 रु. प्राप्त हुए। इसमें वह राशि शामिल नहीं है जो कि उन प्रतिभूतियों के बेचने से प्राप्त हुई जो पूर्ण रक्षित लेनदारों के अधिकार में थी, निम्नांकित स्थिति थी:

| | |
|---|---|
| अंश-पूंजी: 100 रु. वाले 1000 अंश | |
| पूर्ण रक्षित लेनदार (प्रतिभूतियों पर 40,000 रु. प्राप्त हुए) | 35000 |
| पूर्वाधिकार लेनदार – | 6000 |
| अरक्षित लेनदार | 140,000 |
| ऋणपत्र जिनका कम्पनी की सम्पत्तियों पर फ्लोटिंग-अधिकार हो – | 250,000 |
| समापन व्यय – | 5000 |
| निस्तारक का पारिश्रमिक – | 7500 |

निस्तारक विवरण खाता बनाइए।

अथवा

प्रश्न X, Y, Z कम्पनी ऐच्छिक समापन में है। इसकी पूंजी निम्न प्रकार है:- 200 पूर्वाधिकार अंश, 100 रु. वाले पूर्णदत्त, 500 समता अंश 4000 समता अंश 10 रु. वाले पूर्णदत्त, 500 समता अंश 10 रु. वाले (प्रति अंश पर 8 रु. चुकता किये गये)। पूंजी के लिए पूर्वाधिकार अंशो को समता अंशो पर प्राथमिकता है।

अरक्षित लेनदार 12000 रु. तथा समापन की लागत जिसमें निस्तारक का पारिश्रमिक भी शामिल है 1000 रु.। उन सम्पत्तियों पर जो कहीं भी गिरवी नहीं है 25,500 रु. प्राप्त हुए और रक्षित लेनदारों से 5000 रु. आधिक्य के प्राप्त हुए। आंशिक चुकाये गये समता अंशो पर याचना की गयी, इन पर पूरी राशि प्राप्त हो गयी, परन्तु 100 अंशो पर याचना की राशि प्राप्त नहीं हुई। निस्तारक

प्रश्न 5- B के 100 रु वाले 100 समता अंश जो 50 रु की प्रथम एवं अन्तिम याचना का भुगतान नहीं होने से हरण कर लिए गए थे, C को 70 रु प्रति अंश पूर्णतः चुकता मानते हुए निर्गमित किए गए हैं। हरण और पुनः निर्गमन के लेखे हेतु रोजनामचा प्रविष्टियां दीजिए।

अथवा

प्रश्न - X लिमिटेड ने 10,00,000 समता अंशों को निर्गमित करने हेतु 10 रु प्रति अंश की दर से आवेदन निम्न प्रकार आमन्त्रित किए थे:-

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन और आबंटन पर | - | 3 रु प्रति अंश |
| प्रथम याचना पर | - | 4 रु प्रति अंश |
| द्वितीय और अंतिम याचना पर | - | 3 रु प्रति अंश |

15,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे और सभी आवेदकों को आनुपातिक आबंटन कर दिया गया था। आवेदन-पत्र की आधिक्य राशि प्रथम भाग की देय राशियों के साथ समायोजित की गई थी। जब प्रथम याचना की राशि मांगी गई थी, एक अंशधारी जिसने 1500 अंशों के लिए आवेदन किया था, याचनाओं की राशि का भुगतान नहीं दे सका।

कम्पनी की पुस्तकों को आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियां दीजिए।

Half-Yearly Exam 2022

B.Com IInd year

Group-I paper - IInd

Sub - Company law

Time : Three Hours

Maximum Marks - 75

नोट- प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न हल कीजिए। सभी प्रश्नो के अंक समान है।

इकाई-1 (15)

प्रश्न-1- कम्पनी से आप क्या समझते है? कम्पनी के विभिन्न प्रकारों की विवेचना कीजिए।

अथवा

कम्पनी के समामेलन का क्या आशय है? कम्पनी के समामेलन की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

इकाई-2 (15)

प्रश्न-2- कम्पनी के प्रविवरण से आशय क्या समझते? कम्पनी के प्रविवरण में क्या-क्या विवरण दिये जाते है? समझाइए।

अथवा

निम्नलिखित में से किन्ही दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) पार्षद अन्तर्नियम

(ii) अंश एवं स्कंध

(iii) अंश हस्तान्तरण एवं अंश हस्तांकन

(iv) पार्षद सीमा नियम के वाक्य

इकाई - 3

(15)

प्रश्न - 3 - प्रविवरण से आप क्या समझते हैं? एक कम्पनी के प्रविवरण सम्बन्धी अधिकारों एवं प्रतिबंधों को समझाइए।

अथवा

बन्धक एवं प्रभार में अंतर बताइए। चल एवं स्थिर प्रभार में अन्तर बताइए।

इकाई - 4

(15)

प्रश्न - 4 - वैधानिक सभा से आप क्या समझते है? वैधानिक सभा के सन्दर्भ में सचिव के कर्तव्य एवं अधिकार लिखिए।

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

(i) वार्षिक साधारण सभा

(ii) एजेण्डा (कार्यसूची)

(iii) प्रस्ताव एवं संकल्प

(iv) विशेष प्रस्ताव

इकाई - 5 -

(15)

प्रश्न - 5 - कम्पनी के समापन का क्या अर्थ है? समापन की विधियों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

अथवा

कम्पनी में अपव्यय एवं कुप्रबंध को रोकने हेतु केन्द्रीय सरकार एवं कम्पनी लॉ बोर्ड को प्राप्त अधिकारों की विवेचना कीजिए।